

# प्रदर्शन : सड़क से लेकर सदन तक उठी सीधी में विश्वविद्यालय खोलने की मांग

## सीधी में विश्वविद्यालय की मांग को जनता से लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बुद्धिजीवियों के मिले समर्थन के बाद एक बार फिर सड़क पर उतरकर सीधी में विश्वविद्यालय की मांग कर रहे छात्रों के समूह ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 सितम्बर। सीधी में विश्वविद्यालय खोलने की मांग सड़क से लेकर सदन तक उठी। सीधी में विश्व विद्यालय की मांग को जनता से लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ बुद्धिजीवियों के मिले समर्थन के बाद एक बार फिर सड़क पर उतरकर सीधी में विश्वविद्यालय की मांग कर रहे छात्रों के समूह ने महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।**






सीधी में विश्वविद्यालय खोलने की मांग को लेकर छात्र नेता इंद्रलाल पटेल के नेतृत्व में लगातार मांगें की जा रही हैं। कई बार धरना प्रदर्शन करके ज्ञापन सौंपा जा चुका है वहीं जनप्रतिनिधियों को भी ज्ञापन सौंपकर छात्रों द्वारा मांग रखी जा चुकी है। आज फिर से सीधी में विश्वविद्यालय की मांग को लेकर छात्र नेता इंद्रलाल पटेल के नेतृत्व में छात्र-छात्राओं द्वारा वीथिका भवन में सुबह 10 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन में संजय गांधी महाविद्यालय सीधी, शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी के साथ ही जिले भर के महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं शामिल रहे। शाम 6 बजे छात्र-छात्राओं ने कलेक्ट्रेट जाकर महामहिम राज्यपाल के नाम से मांगों का ज्ञापन गोपदबनास तहसील के नायब तहसीलदार को सौंपा।

सौंपे गये ज्ञापन में कहा गया है कि सीधी जिला आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र हैं, यहां अधिकतर गरीब परिवार के लोग निवास करते हैं। यहां के छात्रों को दूर-दराज या अन्य प्रदेशों में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिये जाना पड़ता है। जिससे या तो उच्च शिक्षा से वंचित होना पड़ता है या रूचि के विपरीत विषय लेकर पढ़ने के लिये बाध्य होना पड़ता है। आज के लोक कल्याणकारी राज्य के अवधारणा में जहां सरकार सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास लेकर चल रही है, ऐसे में आजादी के 75 वर्ष बाद भी सीधी जिले गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा का अभाव चिंताजनक है।

### सीधी सांसद ने सदन में शून्य काल में रखी मांग

सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सीधी में विश्वविद्यालय खोलने की मांग केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से कर चुके हैं। शून्यकाल के दौरान अपनी मांग रखते हुये सीधी सांसद डॉ.मिश्रा ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र सीधी में सीधी, सिंगरौली एवं शहडोल जिले का ब्यौहारी आता है। तीन जिलों के क्षेत्र में कोई विश्वविद्यालय नहीं है। छात्रों को विश्वविद्यालय के काम के सिलसिले में 150 से 200 किमी. की यात्रा करनी पड़ती है। ऐसे में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री से आग्रह है कि सीधी मुख्यालय में विश्वविद्यालय खोलने के लिये आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।



### प्रोफेसर ने सोशल मीडिया में किया विश्वविद्यालय की मांग का समर्थन

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस सीधी के प्रोफेसर डॉ.अनिल कुमार सिंह ने सोशल मीडिया में पोस्ट कर विश्वविद्यालय की मांग का समर्थन किया है। श्री सिंह ने पोस्ट में कहा है कि सीधी जिले में एक विश्वविद्यालय खोलने की मांग विगत 5 वर्षों से शोध छात्र इन्द्रलाल पटेल, ज्योति, विनीता यादव, कंचन, अंकुर सिंह, मुस्कान द्विवेदी और इनके सैकड़ो सक्रिय साथी लगातार कर रहे हैं। इस सिलसिले में कभी ये लोग प्रदर्शन करते हैं तो कभी हस्ताक्षर अभियान चलाते हैं, कभी नुक्कड़ नाटक करते हैं और कभी सीधी जिले के सांसद और विधायक से मिलते हैं। शिक्षा और पढ़ने-पढ़ाने को लेकर इन सबकी सक्रियता को प्रणाम करने का मन करता है। शिक्षा का स्तर सुधारना एवं शिक्षा सबके लिए सुलभ बनाना हम सब का कर्तव्य होना चाहिए। शिक्षा यदि सचमुच मूल्यवान और गुणवत्ता पूर्ण होगी तभी हम प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में सफल हो पाएंगे फिर प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं का स्वरूप चाहे जो भी हो। सीधी जिला आदिवासी बहुल जिला है। सब लोग इतने अमीर नहीं है कि बाहर जाकर पढ़ सके। अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा में आने-जाने में यहां के छात्र-छात्राओं का एवं उनके अभिभावकों का समय का नुकसान तो होता ही है साथ ही आर्थिक नुकसान भी होता है और आजकल सब काम एक बार में ही हल हो जाएगा। इसकी भी कोई गारंटी देने वाला नहीं है। इसलिए भी यह जरूरी है कि सीधी मुख्यालय में भी एक विश्वविद्यालय हो। उसमें गुणवत्तापूर्ण अध्ययन अध्यापन हो। वैसे भी यह जिला मानव संसाधन मंत्री, मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री और कैबिनेट मंत्रियों का जिला रहा है। विश्वविद्यालय खोलने की मांग पहले ही पूरी हो जानी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। इतने वर्षों बाद प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए खुला परन्तु वह भी पहले की तरह ही चल रहा है। बाबा साहब ने कहा है कि शिक्षा शेरनी का दूध है जो पिएगा वह दहाड़ेगा। सीधी के लोग भी दहाड़ना चाहते हैं। प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में अधिक से अधिक सफल होना चाहते हैं। इसलिए भी हम सब का सक्रिय प्रयास होना चाहिए कि सीधी में एक आदर्श विश्वविद्यालय की स्थापना हो। इसके लिए जो संगठन सक्रिय हैं उन्हें मिलकर समर्थन देने की आवश्यकता है।



# संतोष कोरी होंगे सीधी के नए एसपी

## डॉ.रवीन्द्र वर्मा का खरगौन स्थानांतरण

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 सितम्बर। पुलिस महकमे में सोमवार को आधी रात आईपीएस अधिकारियों का थोक में स्थानांतरण किया गया। दो चरणों में आदेश जारी कर आधा सैकड़ा आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। इनमें 15 जिलों के पुलिस अधीक्षक भी शामिल हैं।**



सीधी के नए पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी होंगे। वहीं सीधी पुलिस अधीक्षक डॉ.रवीन्द्र वर्मा को खरगौन पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। आईपीएस अधिकारियों के थोक में हुए स्थानांतरण में रीवा, सतना के पुलिस अधीक्षक भी स्थानांतरित हो गए हैं। पुलिस विभाग में बड़े पैमाने पर आईपीएस अधिकारियों के हुए स्थानांतरण के बाद अब सीधी में जल्द ही नए पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी होंगे। श्री कोरी 2012 के आईपीएस अधिकारी हैं। जबकि स्थानांतरित पुलिस अधीक्षक डॉ.रवीन्द्र वर्मा 2017 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

# शिक्षकों का सम्मान करके बैंक ने मनाया स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 सितम्बर। अलका छाया डैनिहा के सामने स्थित बैंक आफ इंडिया राष्ट्रीयकृत बैंक के शाखा प्रबंधक कुलदीप कुमार राय ने 8 सितम्बर को कार्यालयीन सभागार में सायं 5 बजे से स्थापना दिवस के रूप में एक समारोह मनाया। यह समारोह बैंक आफ इंडिया के 120 वर्ष पूर्ण करने के परिप्रेक्ष्य में मनाया गया, जिसमें जिले के दर्जन भर सेवानिवृत्त तथा वरिष्ठ शिक्षकों को शाल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया।**



इस गरिमामय स्थापना समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता चन्द्रमोहन गुप्त, अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह बाघेल संविदाकार तथा प्रमुख वक्ता साहित्यकार डॉ.श्रीनिवास शुक्ल सरस राष्ट्रीय अध्यक्ष सोमालोब साहित्यिक मंच सीधी रहे। मंच का संचालन शिक्षक रमाकांत द्विवेदी सावन ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में शाखा प्रबंधक श्री राय एवं सहायक शाखा प्रबंधक श्री गुप्त ने सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट करके माल्यार्पण से स्वागत किया। प्रमुख वक्ता डॉ.शुक्ल सरस ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शाखा प्रबंधक ने शिक्षक सम्मान करके बैंक का स्थापना दिवस मनाया, यह उनके गहन चिंतन तथा दूरदर्शी सूझ-बूझ का द्योतक है। बैंक मैनेजर श्री राय ने कहा कि हम सीधी में बैंक के माध्यम से अपने ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराकर सेवा करने का प्रयास करेंगे। मुख्य अतिथि चन्द्रमोहन गुप्त ने ग्राहकों को बैंक का विकास रीढ़ बताकर उनसे मृदु व्यवहार करने की बात कही तथा अध्यक्षता कर रहे संविदाकार अजय प्रताप सिंह बाघेल नें शुभकामनाएं दी। आभार ज्ञापन सहायक प्रबंधक ने तथा सतीश पाण्डेय शलभ शिक्षक कवि ने किया। सम्मानित होने बाले शिक्षकों में राजबहोर पाठक, अनुज तिवारी, लखपति सिंह गोंड, सतीश पाण्डेय बम्हनी, रामकृष्ण तिवारी तथा डीईओ पवन कुमार सिंह सहित दर्जन भर शिक्षक प्रमुख रहे।



# धौंहनी विधायक के निर्देश पर उचित मूल्य दुकान की हुई जांच

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 सितम्बर। धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम के निर्देश पर शासकीय उचित मूल्य दुकान महखोर की जांच मौके पर करने अधिकारी और कर्मचारी पहुंचे। जांच के दौरान लोगों की भीड़ लग गई।**

अधिकारियों को बताया गया कि विक्रेता द्वारा जून, जुलाई और अगस्त महीने का खाद्यान्न नहीं दिया गया है। दरअसल धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम को आवेदन देकर ग्रामीणों ने फरियाद किया था कि उचित मूल्य की दुकान महखोर के विक्रेता सुरेश प्रसाद मिश्र द्वारा हम सभी राशनकार्ड धारियों का खाद्यान्न माह जून, जुलाई, अगस्त 2025 का नहीं दिया गया है। विक्रेता द्वारा कहा जाता है कि खाद्यान्न पूरा नहीं आया है। जब आएगा तब दिया जाएगा। जबकि दुकान में खाद्यान्न पूरा है। बुलाने पर यह भी बोलते हैं कि कल, परसो देंगे कह कर सभी को वापस कर दिया जाता है और दुकान बंद करके इधर-उधर चले जाते हैं। ऐसे में विक्रेता को यहां से तत्काल हटाया जाय और किसी अन्य विक्रेता द्वारा खाद्यान्न वितरण कराया जाना उचित होगा। साथ ही विक्रेता का कार्य व्यवहार चाल चलन भी सही नहीं है।

धौंहनी विधायक श्री टेकाम ने ग्रामीणों की वऊरियाद को गंभीरता से लेते हुए मौके पर जांच कर खाद्यान्न वितरित कराने के निर्देश दिए थे।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 213 आवेदकों की समस्याएं, निराकरण के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 सितम्बर। नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है।**



इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 213 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अंशुमन राज, अपर कलेक्टर बी.पी. पाण्डेय सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और सीईओ जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

### नेशनल लोक अदालत 13 को

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार वर्ष 2025 की तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 13 सितम्बर को जिला मुख्यालय सीधी तथा तहसील चुरहट, मझौली एवं रामपुर नैकिन में किया जायेगा। जिला मुख्यालय सीधी में प्रात: 10:30 बजे स्थानीय एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी के अध्यक्ष द्वारा शुभारंभ किया जायेगा।

## एक नजर में

### सड़क की मांग को लेकर जनसुनवाई में पहुंचे लोग



**सीधी।** कलेक्टर की जनसुनवाई में आज दुरासिन माता मंदिर से वन चौकी चरकी तक सड़क निर्माण की मांग को लेकर राजस्व ग्राम चरकी के बैगा जनजाति के लोग पहुंचे। उनके द्वारा दिए गए आवेदन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत कुशमहर के राजस्व ग्राम चरकी के बैगा जनजाति बाहुल्य क्षेत्र दुरासिन माता मंदिर से वन चौकी चरकी तक सड़क का निर्माण करा दी जाए तो उनको आवागवन की सुविधा मिल जाएगी। जिससे शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं आपातकालीन स्थिति में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। चरकी गांव चहुंओर से वनों से घिरा हुआ है।

### मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन दिलाने की मांग

**सीधी।** जनपद पंचायत रामपुर नैकिन अंतर्गत कटौली निवासी फुलौआ साकेत पति स्व.भगवानदीन साकेत ने आज कलेक्टर की जन सुनवाई में आवेदन देकर मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना का लाभ दिलाने की मांग की। फुलौआ ने आवेदन में कहा है कि जिनकी पुत्री संतान है और पुत्र नहीं हैं ऐसी विधवा महिला को मुख्यमंत्री कन्या अभिभावक पेंशन योजना का लाभ दलाया जाना चाहिए। जिससे भरण-पोषण में हो रही परेशानियां दूर हो सकें। उसे विधवा पेंशन का लाभ मिल रहा है लेकिन उससे उससे भरण .पोषण नहीं हो पाता। फुलौआ ने आवेदन में कहा है कि भरी बरसात में उसका कच्चा मकान गिर गया। जिससे रहने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। वह विधवा गरीब महिला है और उसके पुत्र का भी निधन हो चुका है। घर में भी कोई कमाने वाला नहीं है। ऐसे में बरसात में उसका घर गिरने से घर में रखा खाद्य पदार्थ एवं अन्य सामान भी नष्ट हो गया।



### यूडीआईडी कार्ड जारी करने के संबंध में निर्देश जारी

**सीधी।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ .एस .बी .खरे ने जानकारी देकर बताया है कि यूडीआईडी पोर्टल पर दिनांक 04 .09 .2025 से हुये बदलाव के कारण जिला चिकित्सालय सीधी में दिव्यांगजनों हेतु विकलांगता प्रमाण/यूडीआईडी कार्ड जारी करने हेतु जिनका आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक होगा तथा आधार कार्ड का ई-केवाईसी होगी उन्ही दिव्यांगजनों के आधार रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आधार ओटीपी के माध्यम से ऑनलाइन विकलांगता प्रमाण/यूडीआईडी कार्ड जारी किया जा सकेगा।

# कराटे में चयनित छात्राओं को किया गया सम्मानित

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 सितम्बर। शहर के श्रीगणेश हायर सेकेण्ड्री स्कूल अमहा में अध्ययनरत दो छात्राओं का कराटे में चयन हुआ है जो कि अब अपना हुनर ग्वालियर में दिखाएंगी। जिनका सम्मान भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम सोनी एवं वरिष्ट समाजसेवी मिश्रा बीज भंडार के संचालक पुष्पराज मिश्रा द्वारा गणेश स्कूल में किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य जेएन मिश्रा सहित अन्य स्टाफउपस्थित रहे।**



रीवा में गत दिवस संभागीय प्रतियोगिता कराटे को लेकर हुआ था। जिसमें गणेश स्कूल अमहा की दो छात्रा जिसमें रिया द्विवेदी 8वीं एवं यशी सिंह परिहार 7वीं कक्षा का राज्य स्तर में चयन हुआ है। वह अब ग्वालियर में अपना हुनर दिखाएंगी। उनके इस चयन पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती पूनम सोनी ने सम्मान करते हुए कहा कि यह गौरव की बात है, बेटियां कहीं भी कम नहीं है। शिक्षा के साथ हर विधा में बेटियां आज अव्वल हैं। उन्होने गणेश विद्यालय के गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय शिक्षा के साथ हर विधा में अव्वल है। वहीं वरिष्ट समाजसेवी मिश्रा बीज भंडार पुराना बस स्टैण्ड सीधी के संचालक पुष्पराज मिश्रा ने बधाई देते हुए कहा कि बच्चियों को आगे लाने के लिए सरकार लगातार प्रयास करती है। यह दोनो बेटियां प्रदेश स्तर में चयनित हुई हैं इसके लिए हम बधाई देते हैं। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य जेएन मिश्रा ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य शिक्षा के साथ हर विधा में बच्चों को आगे लाना रहता है। इसके लिए विद्यालय सदैव काम करता रहा है। कौन बनेगा हजारपति को लेकर भी विद्यालय के छात्रों ने बढ़कर हिस्सा लिया था।

# विद्युत पेंशनर हित रक्षक संघ की बैठक आयोजित



नवभारत न्यूज

**सीधी 9 सितम्बर। विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा सीधी की बैठक आज 9 सितम्बर को पीसीसी पोल फैक्ट्री सीधी में संपन्न हुई। जिसमें 80 से 100 के लगभग विद्युत पेंशनर्स बैठक में उपस्थित हुए जिसमें लगभग 10 महिला पेंशनर भी उपस्थित थी।**

सभी पेंशनों की समस्याओं को सुना गया, कैशलेस इंश्योरेंस के संबंध में पेंशनर्स को अवगत कराया गया। जिन पेंशनर्स ने रिटर्न नहीं भरा है उन्हें रिटर्न भरने का प्रोत्साहन दिया गया। स्व.हरिनरेश रजक इसकी सेवाकाल मात्र दो महीने थी माह जुलाई 2025 में निधन होने के कारण उनके परिवार को किसी भी प्रकार का भुगतान न होना अनुकम्पा नियुक्ति एवं पेंशन भुगतान की कार्रवाई न किया जाना के संबंध में स्थित जानकारी प्राप्त की गई। इसके अतिरिक्त 80 वर्ष से अधिक पेंशनर जिन्हें 20 प्रतिशत अतिरिक्त भुगतान नहीं हो रहा है। फूलचंद गुप्ता विद्युत पेंशनर से चुरहट की जानकारी ली जाकर अगली कार्रवाई करने हेतु पेंशनर को आश्वासन दिया गया। इस बैठक में भीमसेन सिंह प्रांतीय उपाध्यक्ष श्यामलाल पाण्डेय, अध्यक्ष प्रेमलाल गुप्ता, सचिव मो.वारिस अंसारी, कोषाध्यक्ष के अतिरिक्त रघुनंदन प्रसाद पाण्डेय, एच.एल.यादव, रामदीन तिवारी, राघव प्रसाद द्विवेदी, शिवदयाल कुशवाहा, छोटेलाल सिंह, पातीराज सिंह, राजीव लोचन मिश्रा, महिलाओं में पार्वती यादव, प्रेमवती पाण्डेय, सोनवती सिंह, श्यामवती आदि के साथ अन्य विद्युत पेंशन एवं परिवार पेंशनर उपस्थित रहे।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने जिला जेल सीधी का किया निरीक्षण

## जिला जेल सीधी में विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**सीधी 9 सितम्बर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक द्वारा आज 09.09.2025 को जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया।**




निरीक्षण के दौरान कारागार की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा आवश्यक सुधार एवं बेहतर प्रबंधन के संबंध में जेलर को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के उपरांत विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों को सुविधान प्रदत्त अधिकारों, नि:शुल्क विधिक सहायता, पुनर्वास योजनाओं एवं विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर द्वारा बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूंछतांछ की गई। उक्त शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुकेश कुमार शिवहरे ने उपस्थित बंदियों को अपील एवं पेरोल के अधिकार तथा विधिक सहायता योजना देने के साथ- साथ बंदियों से उनकी समस्या पूछी। जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक ने बंदियों को उनके विधिक अधिकार एवं प्रत्येक बंदियों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर उनके प्रकरणों की यथास्थिति से अवगत कराया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने यह आश्वस्त किया कि प्राधिकरण सदैव बंदियों के अधिकारों की रक्षा और उनके पुनर्वास के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों को योजनाओं एवं विधिक सहायता का समय पर लाभ दिलाया जाए।

### शिविर में इनकी रही मौजूदगी

उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रयाग लाल दिनकर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी मुकेश कुमार शिवहरे तथा जिला विधिक सहायता अधिकारी मनीष कौशिक, उप जेल अधीक्षक कृष्ण कुमार तिवारी सहित समस्त जेल स्टाफ उपस्थित रहे।